**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्याः 1212**
**उत्तर देने की तारीखः 25.11.2019**

**शिक्षा नीति**

**1212. श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत:**
**श्री गुरजीत सिंह औजला:**

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि निजी स्कूल और महाविद्यालय अत्यधिक फीस वसूल रहे हैं जिसके कारण अभिभावकों को बहुत तकलीफ होती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या निजी विद्यालयों/शिक्षण संस्थानों द्वारा फीस में कमी के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) द्वारा कोई प्रावधान/सिफारिशें की गई है?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) और (ख): सरकार समाज के सभी वर्गों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच और किफायती शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में, सरकार डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में प्रारूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) तैयार करने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट, जो 31 मई, 2019 को मंत्रालय को प्रस्तुत की गई थी, के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।

*****